# वसुंधरा विशेष विद्यालय सीहोर(म.प्र.)

## वार्षिक  प्रगति प्रतिवेदन

## वर्ष - (01 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023)

### स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022

स्वतंत्रता दिवस समारोह वसुंधरा विशेष विद्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया है। हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया स्कूली अध्यापकों द्वारा अपने बच्चों को उनकी विशेष श्रेणी में बांटकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम व् ढोलक वादन आयोजित किए गए। सभी बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। बच्चो के परिवार के सदस्यों ने बच्चों के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की।






## शिक्षक दिवस समारोह



5 सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया. समाज सेवी मुख्य अतिथि प्रदीप साबू ने स्कूल में गायत्री हवन कर श्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। और सभी बच्चो को नए कपडे भेंट किये गए और भारत के किसान राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्ण को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएँ। उन्होंने शांतिवर्धन में छात्रों की जीवनशैली को लागू करने की दिशा में कुछ नए बिंदु सुझाए गए।

## दिव्यांगजन जनजागरूकता अभियान







सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग जिला सीहोर के तत्वाधान में दिनांक 10 अगस्त 2022 को भोपाल नाका सीहोर से दिव्यांगजनों के प्रति में जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग प्रमुख डॉ. श्रवण कुमार पचौरी एवं शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री आर के बांगरे द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया जिसमें संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ता श्री हरिओम शर्मा दाऊ, श्री महेंद्र महेंद्र जी नागर, अरुण जी राजोरिया,और वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक अर्जुन सिंह व संस्था के 100 कार्यकर्ताओ व् दिव्यांगजनों ने भाग लिया, डॉ. श्रवण कुमार पचौरी ने बताया की दिव्यांग व्यक्तियों की दिव्यांगता की प्रतिशतता, उनके आर्थिक व शैक्षणिक स्तर की स्थिति तथा अपंग राहत भत्ता व दिव्यांगता पहचान पत्रों से सम्बन्धित तथ्यों की जानकारी इत्यादि का आंकलन करना । इस के अतिरिक्त दिव्यांगता के कारणों का पता लगाने व दिव्यांगता निवारण के लिए अनुसंधान करना व् उनके हक़ के लिए हमें कार्य करना है हाल के वर्षों में शारीरिक रूप से विकलांग एवं विभिन्न प्रकार

से अक्षम बच्चों के प्रति समाज में व्याप्त धारणाओं में कुछ परिवर्तन आया है। कई बार यह दोहराया गया है कि यदि विकलांगों की बीमारी का सही समय पर पहचान कर लिया जाए, उसके बचाव के लिए मदद दी जाए एवं उपकरण की सुविधा और शिक्षा ,व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाए तो उनमें से बहुमत लोग सामान्य जीवन जी सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि हम सभी को इन्हें ज़ीवन के सभी क्षेत्रों में समान अधिकार प्राप्त एक नागरिक के रूप में अपनाने की इच्छा दिखानी होगी।

## दिव्यांग बच्चो का सर्वेक्षण –



वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन संस्था द्वारा सीहोर शहर व् ग्रामीण क्षेत्र में 01 नवम्बर 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक कार्यकर्ता रवींद्र ठाकुर , मनीषा सेन व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सीहोर शहर के दिव्यांग बच्चो का सर्वे किया जा रहा है संस्था के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया की सीहोर शहर में सेंकड़ो दिव्यांग बच्चे है जो मानसिक रूप से दिव्यांग है संस्था के कार्यकर्ता शहर के दिव्यांग बच्चों के घरों में जाकर माता पिता से संपर्क कर बच्चों की समस्याओं का सेर्वेक्षण कार्य व विशेष विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है संस्था द्वारा सीहोर शहर में निःशुल्क विशेष विद्यालय खोला जायेगा जिसमें विशेष बालक जो बाधिता से ग्रसित हैं जिनको पृथक से विशेष विद्यालय में प्रवेश दिलाया जावेगा । आवश्यक रूप से उनका विशेष पाठ्यक्रम, विशेष शिक्षण विधियों से शिक्षा हो सकेगी।जिससे दृष्टि, श्रवण शक्ति, गतिशीलता, सम्प्रेषण, सामाजिक-भावनात्मक सम्बन्ध, बुद्धिमत्ता का विकास हो सके घर पर स्वयं अपना व छोटे भाई-बहनों का ध्यान रख सकें और घर के कामकाज कर सकें। और असमर्थता से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर सके । संस्था द्वारा विशेष विद्यालय शुरू किया गया है और संस्था निदेशक ने शहर के नागरिकों से निवेदन किया कि इस पुनीत कार्य में संस्था का सहयोग कर दिव्यांग बच्चों को विशेष विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करे ।





## 01 नवम्बर 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक संस्था विश्व दिव्यांग दिवस पर घर घर दिव्यांगजन संपर्क आभियान कार्यक्रम













**3 दिसम्बर 2022 अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस**

3 दिसम्बर 2022 अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर श्री मनोज जैन व् उनके परिवार द्वारा बच्चो को पोष्टिक भोजन करवा कर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस मनाया गया दिव्यांग बच्चों के लिए भाला फेंक म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और इनडोर खेलों का आयोजन और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।





## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह:

26 जनवरी गणतंत्रता दिवस समारोह वसुंधरा विशेष विद्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ मनाया है। हर साल की तरह इस साल श्री बृजमोहन जी सोनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया | प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम व् ढोलक वादन आयोजित किए गए। सभी बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।| गाँधी कालोनी के लोग व् बच्चो के अभिभावक भी उपस्थित रहे |






## दिव्यांग बच्चों को किया गया पुरस्कृत







2 जनवरी 2023 को वसुंधरा विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष आदरणीय प्रिंस जी राठौर और मुख्य अतिथि कालेक्टर सीहोर आदरणीय प्रवीण सिंह जी कने दिव्यांग बच्चों को खिलौने, चॉकलेट व पुस्तक सामग्री भेंट की गई ।आदरणीय कलेक्टर महोदय द्वारा वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन की इस पहल को बहुत ही सराहनीय बताया गया शासन से जो भी मदद होगी वो दिव्यांग बच्चों हेतु संस्था को पूरी की जाएगी। अध्यक्ष प्रिंस जी राठौर द्वारा संस्था के कार्यों को लेकर दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित सभी ज़रूरतों को नगर पालिका की ओर से पूरा किया जाएगा । मो.असफाक उपकुलसचिव मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर ने कहा कि वसुंधरा संस्था के कार्यों में हमारे द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा । कार्यक्रम में हरिओम शर्मा दाऊ जी का दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया साथ ही एक्सिलेंस विद्यालय प्राचार्य आर के बाँगरे जी द्वारा दिव्यांग बच्चों को पुस्तक भेंट की गई, वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन निदेशक अर्जुन सिंह जी ने दिव्यांग विद्यालय कार्ययोजना व संस्था के कार्यों को अवगत कराया गया , शासकीय मॉडल स्कूल प्राचार्य दिनेश वर्मा जी ,दीपक जी विश्वकर्मा, दिव्यांग विशेष विद्यालय शिक्षक श्रीमति ज्योति विश्वकर्मा ,रिटायर्ड फ़ौजी श्री राम जी यादव, हुकम सिंह जी यादव ,महेंद्र नगर सर, घनश्याम जी परमार,वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन के कोर्डिनेटर रविन्द्र ठाकुर और मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर से प्रोफेसर श्रीराम कुमार नागर जी ,उपदेश भल्लावी, दिपिका देशराज,पूजा सेन,नीतेश भारती व दिव्यांग बच्चों

,पालको की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन शासकीय मॉडल स्कूल प्राचार्य दिनेश वर्मा जी ने किया व हरि ओम शर्मा दाऊ ने आभार व्यक्त किया ।







निशुल्क विशेष विद्यालय प्रारंभ

## दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं, हमारे साथ की जरूरत है : कलेक्टर

**सीहोर.** कार्यक्रम में कलेक्टर सहित अन्य।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**सीहोर.** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था ने गांधी कॉलोनी गंज में निशुल्क विशेष विद्यालय प्रारंभ किया है। जिसका शुभारंभ कलेक्टर प्रवीणसिंह व नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया। कार्यक्रम में हरिओम शर्मा दाऊ ने दिव्यांग बच्चों को खिलौने, चॉकलेट, पुस्तक सामग्री प्रदान की। कलेक्टर ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए खोला गया विशेष विद्यालय वसुंधरा फाउंडेशन की सराहनीय पहल है। शासन की तरफ से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संस्था को जो सहयोग की आवश्यकता होगी,उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समाज में दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए इस प्रकार की संस्थाओं की आवश्यकता है। दिव्यांगता एक शारीरिक अवस्था है, जिसका प्रतिभा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। दिव्यांगों में हौसले और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। ये बच्चे अपने आप में ईश्वरीय गुण धारण किए होते हैं। उन्हें हमारी सहानुभूति नहीं बल्कि हमारे साथ की जरूरत है। नपाध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को निशुल्क शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संस्था की अच्छी पहल है। दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित सभी जरूरतों को नगर पालिका की तरफ से पूरा किया जाएगा। फाउंडेशन के निदेशक अर्जुनसिंह ने दिव्यांग विद्यालय कार्ययोजना व संस्था के कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान के उप कुलसचिव मो. असफाक,उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरके बांगरे उपस्थित थे।



**Collector Sehore** @Collecto... · 2h

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था द्वारा गांधी कॉलोनी, गंज में नि:शुल्क विशेष विद्यालय प्रारंभ किया गया है। जिसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर एवं कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने किया। कार्यक्रम में हरिओम शर्मा दाऊ जी का दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया।

1 1 4

**Collector Sehore** @Collecto... · 2h

इस अवसर पर कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए खोला गया विशेष विद्यालय वसुंधरा फाउण्डेशन की सराहनीय पहल है। शासन की ओर से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संस्था को जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

# वसुंधरा विशेष विद्यालय

### सीहोर (मप्र)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

### वर्ष (01 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024)

**स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023**

स्वतंत्रता दिवस समारोह वसुंधरा विशेष विद्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया है। हर साल की तरह इस साल दिव्यांग श्रीमति उमा चौरसिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया श्रीमति उमा चौरसिया द्वारा सफलता की कहानियाँ सुनाइ जिससे सभी लोगों को प्रभावित और प्रेरणादायक दी । बच्चों को मिठाइयाँ और बिस्कुट वितरित किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम व् ढोलक वादन आयोजित किए गए। सभी बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।





**2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर नशा नहीं करने की ली शपथ -**



वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय गांधी कॉलोनी गंज सीहोर में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन

सशक्तिकरण विभाग सीहोर ने गांधी जी की प्रतिमा व सरस्वती जी को माल्यार्पण करने के पश्चात गांधी कालोनी के लोगो को बताया कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और ध्रूमपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है । इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। इसके उपरांत नशा मुक्ति के लिए सभी को शपथ ग्रहण कराई गई । शपथ ग्रहण करते हुए सभी लोगो ने कहा कि जीवन काल में शराब का सेवन नहीं करेंगे। संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने बताया की नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्धार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। आज का युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है। व श्री  एस एल सेन जी ने भी गांधी वार्ड के लोगो से नशा न करने की अपील की । इस अवसर पर श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा दोहरे, पूजा सेन, पूजा मालवीय व गांधी वार्ड के महिला, पुरुष,बच्चे उपस्थित रहे।






**मतदाता जागरूक करने वसुंधरा दिव्याँग विशेष विद्यालय के छात्रों ने की रैली में सहभागिता-**



सामाजिक न्याय एवं दिव्याँगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023  अंतर्गत दिव्यांग / वृद्धजन मतदाताओं के लिए सुगम मतदान किये जाने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम व रैली को  सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें दिव्याँग बच्चों द्वारा स्वीप प्लान में दिव्यांग मतदाताओं को लेकर आवासीय खेलकूद संस्थान

भोपाल नाका सीहोर में रैली का आयोजन किया गया जिसमें वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की । इस अवसर पर श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर व समस्त स्टाफ़, श्री हरिओम शर्मा समाजसेवी, श्री अर्जुन सिंह अध्यक्ष वसुंधरा फाउंडेशन, श्री आलोक शर्मा प्राचार्य आवासीय विद्यालय,श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा सेन,अलका सोलंकी, इरफान, तरूण श्रीवास्तव, भाविका कुशवाहा,मुस्कान प्रजापति, शुभम सिमोलिया उपस्थित रहे।

**वर्ष 2023 - 24 में वसुंधर विशेष विद्यालय द्वारा की अन्य गतिविधिया -**




















माई न्यूज — माईन्यूज — 19 दिसम्बर 22

# दिव्यांग बच्चों के लिये विशेष विद्यालय खोलेगी संस्था

**सीहोर माईन्यूज।** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ता रवींद्र ठाकुर, मनीषा सेन व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सीहोर शहर के दिव्यांग बच्चो का सर्वे किया जा रहा है संस्था के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया की सीहोर शहर में सेंकड़ो दिव्यांग बच्चे है जो मानसिक रूप से




दिव्यांग है संस्था के कार्यकर्ता शहर के दिव्यांग बच्चों के घरों में जाकर माता पिता से संपर्क कर बच्चों की समस्याओं का सेर्वेक्षण कार्य व विशेष विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है संस्था द्वारा सीहोर शहर में निःशुल्क विशेष विद्यालय खोला जायेगा। संस्था द्वारा जल्द ही विशेष विद्यालय शुरू किया जा रहा है और संस्था के निदेशक ने शहर के नागरिकों से निवेदन किया कि इस पुनीत कार्य में संस्था का सहयोग कर दिव्यांग बच्चों को विशेष विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करे ।

# दिव्यांग बच्चो का सर्वेक्षण



**सीहोर।** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ता रवींद्र ठाकुर, मनीषा सेन व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सीहोर शहर के दिव्यांग बच्चो का सर्वे किया जा रहा है संस्था के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया की सीहोर शहर में सेंकड़ो दिव्यांग बच्चे है जो मानसिक रूप से दिव्यांग है संस्था के कार्यकर्ता शहर के दिव्यांग बच्चों के घरों में जाकर माता पिता से संपर्क कर बच्चों की समस्याओं का सेर्वेक्षण कार्य व विशेष विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है संस्था द्वारा सीहोर शहर में निःशुल्क विशेष विद्यालय खोला जायेगा जिसमें विशेष बालक जो बाधिता से ग्रसित हैं जिनको पृथक से विशेष विद्यालय में प्रवेश दिलाया जावेगा। आवश्यक रूप से उनका विशेष पाठ्यक्रम, विशेष शिक्षण विधियों से शिक्षा हो सकेगी। जिससे दृष्टि, श्रवण शक्ति, गतिशीलता, सम्प्रेषण, सामाजिक-भावनात्मक सम्बन्ध, बुद्धिमत्ता का विकास हो सके घर पर स्वयं अपना व छोटे भाई-बहनों का ध्यान रख सकें और घर के कामकाज कर सकें। और असमर्थता से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर सके। संस्था द्वारा जल्द ही विशेष विद्यालय शुरू किया जा रहा है और संस्था के निदेशक ने शहर के नागरिकों से निवेदन किया कि इस पुनीत कार्य में संस्था का सहयोग कर दिव्यांग बच्चों को विशेष विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करे।

दैनिक भास्कर — सीहोर 18-10-2023

जिलेभर में आयोजित की जा रही हैं कई गतिविधियां

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ, दिव्यांगों ने निकाली रैली

भास्कर संवाददाता | सीहोर

सोमवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांजन मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं रैंप, व्हील चेयर, वैशाखी आदि की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी प्रदान की गई। रैली के दौरान अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रैली में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक महेश कुमार यादव भी शामिल हुए।



मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली।

वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला सिराड़ी सहित अनेक स्कूलों में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई और मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही अनेक शासकीय स्कूलों में मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अनेक छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली।

# बच्चों ने नशा नहीं करने की शपथ ली

सीहोर माईन्यूज। वसुंधरा विशेष विद्यालय गांधी कॉलोनी गंज में महेश यादव उप संचालक सामाजिक




न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें नशा एक सामाजिक बुराई है इसके नुकसान से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा दोहरे, पूजा सेन, पूजा मालवीय व गांधी वार्ड के महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित रहे।